साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 अप्रैल 2020

Prep Smart. Score Better. Go gradeup

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

8-14 अप्रैल 2020

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दुसरे सप्ताह** (8-14) अप्रैल **2020** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने उन दिनों की संख्या को बढ़ाकर कितना करने का निर्णय लिया है जिनमें एक राज्य / केंद्रशासित प्रदेश ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठा सकते हैं_______**21 दिन।**

   नोट:
   - कोरोना वायरस महामारी के कारण राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को नकदी आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ रहा है इसलिए RBI ने ओवरड्राफ्ट के दिनों की संख्या 14 कार्य दिवसों से बढ़ाकर 21 कार्य दिवस कर दी है।
   - इसके अलावा, उन दिनों की संख्या जिसमें एक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश एक तिमाही में ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, वर्तमान के 36 कार्य दिवसों से बढ़ाकर 50 कार्य दिवस कर दी गई है।
   - नई व्यवस्था तुरंत प्रभावी है और 30 सितंबर तक मान्य है।

2. एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने दो अलग-अलग स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के माध्यम से COVID -19 के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने हेतु किस जनरल इंश्योरेंस के साथ सहयोग किया है________**भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस।**

   नोट:
   - “भारती एक्सा ग्रुप हेल्थ एश्योर पॉलिसी” नामक योजना में 25,000 रुपये का एकमुश्त लाभ प्रदान करती है और दूसरी योजना “ग्रुप हॉस्पिटल कैश” 500 रुपये से शुरू होने वाले दैनिक लाभ प्रदान करेगी।
   - यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि दोनों एक वर्ष की वैधता के साथ 'आवश्यकता-आधारित बीमा' हैं और इस पॉलिसी का लाभ उठाने के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा के विषय में कोई उल्लेख नहीं है।

3. पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फाइनेंस (PNBHF) ने किफायती आवास खंड को ऋण प्रदान करने के लिए किस एजेंसी के साथ हस्ताक्षर किए हैं__________**जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA)**

   नोट:
   - यह 5 वर्ष का दीर्घकालिक ऋण है जो कंपनी के एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट (ALM) की स्थिति को संतुलित करने में मदद करता है।
   - यह भारत के आवास वित्त क्षेत्र में JICA का पहला ऋण वित्तपोषण है।

4. सार्वजनिक क्षेत्र के किस बैंक ने COVID-19 के प्रभाव से निपटने के लिए कृषि क्षेत्र हेतु चार योजनाएं शुरू की है________**बैंक ने बड़ौदा (BoB)।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) ने महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG), किसान उत्पादक संगठनों (FPO / FPC) और कृषक समुदाय के लिए चार कृषि योजनाओं की शुरुआत की है।
- यह केवल BoB के मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए है, केवल व्यक्तिगत या FPO या SHG योजनाओं के पात्र हैं।

5. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने लघु एवं मध्यम उद्यमों (SME) को कितनी आपातकालीन कार्यशील पूंजी प्रदान करने की घोषणा की है_______ **एक करोड़ तक।**

नोट:

- कोरोना वायरस के खिलाफ SIDBI Assistance to Facilitate Emergency (SAFE) ऋण सीमा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ कर दी गई है।
- यह ऐसे MSME (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) के लिए SIDBI द्वारा शुरू किया गया एक वित्तीय सहायता कार्यक्रम है जो उत्पादों (हैंड सैनिटाइज़र, मास्क, दस्ताने, हेड गियर, बॉडीसूट, जूते के कवर, वेंटिलेटर, धूप के चश्मे) के निर्माण में संलग्न है या नए कोरोना वायरस से निपटने के लिए सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

6. यूनाइटेड नेशन्स इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पैसेफिक (ESCAP) की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 20-21 के लिए भारत की GDP वृद्धि कितने प्रतिशत तक घटने की संभावना है_______ **4.8%।**

नोट:

- रिपोर्ट के अनुसार देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 5.1% रह सकती है।
- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि हमारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 पेश करते हुए भारत की सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 6-6.5% होने का अनुमान लगाया था, जो वर्ष 2019-20 के अनुमान 5% से अधिक है।

7. गोल्डमैन सैश ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 3.3% से घटाकर कितना किया है_______**1.6%।**

नोट:

- इसमें कहा गया है कि वर्ष 1970 के दशक, 1980 के दशक और वर्ष 2009 की भारत की मंदी की तुलना में संशोधित वृद्धि और गहरी होगी।
- फिच, मूडीज जैसे कई विश्लेषक महामारी के कारण भारत की विकास दर को कम कर रहे हैं।

8. किस लघु वित्त बैंक ने डिजिटल रूप से बचत खाता और सावधि जमा खाता खोलने के लिए डिजी गेन (Digi Gena) डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है_________ **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

नोट:

- यह खाता खोलने के लिए एक 3 चरण की प्रक्रिया है, जहां ग्राहक बिना न्यूनतम शेष राशि के बचत खातों पर 4.5% ब्याज दर और सावधि जमा पर 7.5% ब्याज के पात्र हैं।
- नया डिजिटल समाधान ऑनलाइन बिल भुगतान, तत्काल नकद हस्तांतरण और डेबिट कार्ड पर एयरपोर्ट लाउंज पहुंच सहित कई सुविधाएं प्रदान करता है।

9. किस बैंक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के साथ अगले पांच वर्षों के लिए अपनी रणनीतिक बैंकएश्योरेंस साझेदारी को बढ़ाया है_______ **यस बैंक।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- साझेदारी के एक हिस्से के रूप में, जीवन बीमाकर्ता के उत्पाद यस बैंक की शाखाओं के माध्यम से बेचे जाएंगे। ग्राहकों को आवश्यकता-आधारित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान की जाएगी।
- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कंपनियों ने फरवरी 2005 में अपनी भागीदारी शुरू की, और इसकी लगभग 280,000 पॉलिसी हैं। इसने 70 करोड़ रुपये से अधिक के मृत्यु क्लेम का निपटान किया है और पॉलिसी धारकों और उनके परिवारों को 34,500 करोड़ रुपये की सुरक्षा प्रदान की है।

10. किस देश के केंद्रीय बैंक ने हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HDFC) में अपनी हिस्सेदारी 0.8% से बढ़ाकर 1.01% की है_________ **चीन (पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना)।**

नोट:

- हिस्सेदारी बढ़ाने की प्रक्रिया द्वितीयक बाजार लेनदेन के रूप में की गई थी। हिस्सेदारी में देश के सबसे बड़े बंधक ऋणदाता HDFC के 17.49 मिलियन शेयर शामिल हैं।
- लेन-देन के बाद, HDFC में चीनी केंद्रीय बैंक की हिस्सेदारी का अंतिम मूल्य 2,976 करोड़ रुपये था।

11. ट्विटर अभियान जिसने बैंक ग्राहकों से भुगतान के डिजिटल तरीकों को अपनाने का आग्रह किया है जो सुविधाजनक और सुरक्षित हैं, किसके द्वारा शुरू किया गया है_____**भारतीय रिजर्व बैंक।**

नोट:

- RBI ने डिजिटल रूप से लेन-देन पर जोर दिया क्योंकि यह किसी भी समय और कहीं भी भुगतान करने की सुविधा देता है।
- अभियान के माध्यम से, RBI ने NEFT, IMPS, UPI और BBPS जैसे कई डिजिटल भुगतान विकल्प दोहराए हैं जो 24*7 उपलब्ध हैं।
- फेस ऑफ द कैम्पेन बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन हैं।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध महिला होनर ब्लैकमैन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस लिए प्रसिद्ध थीं __________ **हॉलीवुड अभिनेत्री।**

नोट:

- होनर ब्लैकमैन शुरुआती जेम्स बॉन्ड फिल्मों के सह-कलाकारों में से एक थीं।
- होनर ब्लैकमैन ने वर्ष की 1964 की फिल्म गोल्डफिंगर में बॉन्ड गर्ल पूसी गैलोरे की भूमिका निभाने के बाद 30 के दशक के अंत में प्रसिद्धि हासिल की।

2. प्रसिद्ध खिलाड़ी रैडोमिर एंटिक का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे ________ **फुटबॉल।**

नोट:

- सर्बियाई फुटबॉल मैनेजर और खिलाड़ी रैडोमिर एंटिक जो बार्सिलोना, रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड को प्रशिक्षण देने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, का स्पेन के मैड्रिड में 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ➢ एंटिक ने तीन अलग-अलग अवसरों पर एटलेटिको का प्रबंधन किया, वर्ष 1995-96 में लीग और कप दोनों जीते और एनरिक फ़र्नांडीज़ वायोला के बाद अपने करियर के दौरान ईएल क्लैसिको के प्रतिद्वंद्वियों रियल और बरका को प्रशिक्षण देने वाले केवल दो लोगों में से एक हैं।

3. दो बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता और ग्रैमी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड विजेता अमेरिकी लोक गायक का नाम बताइए जिनका हाल ही में निधन हो गया _________**जॉन प्राइन।**

नोट:

- ➢ जॉन प्राइन का निधन कोरोना वायरस महामारी के कारण हुआ।
- ➢ उनकी सबसे अच्छी रचनाएं मिसिंग इयर्स, फेयर एंड स्क्वायर हैं, जिसके लिए उन्हें ग्रैमी अवार्ड मिला, एंजेल फ्रॉम मोंटगोमरी, इल्लीगल स्माइल, क्रिसमस इन प्रिजन और ट्री ऑफ फॉरगिवनेस आदि हैं।
- ➢ उन्हें वर्ष 2003 में नैशवेल सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम और वर्ष 2019 में सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया और वर्ष 2016 में साहित्य उत्कृष्टता पुरस्कार का PEN / न्यू इंग्लैंड सॉन्ग लिरिक्स मिला।

4. प्रसिद्ध खिलाड़ी डोनाटो सेबिया का कोरोना वायरस के कारण निधन हो गया, वह किस हेतु प्रसिद्ध थे ________**तेज धावक।**

नोट:

- ➢ डोनाटो सेबिया, दो बार के ओलंपिक 800 मीटर के फाइनलिस्ट और पूर्व यूरोपीय इंडोर चैंपियन, का कोरोना वायरस के कारण इटली के पोटेंज़ा में 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- ➢ उनका जन्म 11 सितंबर, 1963 को इटली के पोटेंज़ा में हुआ था।

5. प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकी ब्रह्म कांचीबोतला का कोरोना वायरस के कारण निधन हो गया, वह किस हेतु प्रसिद्ध थे ________**पत्रकार।**

नोट:

- ➢ हाल के वर्षों में, वह दो भारतीय-अमेरिकी प्रकाशनों, इंडियन पैनोरमा और साउथ एशिया टाइम्स के लिए लिख रहे थे।
- ➢ अमेरिका में अपने 28 वर्षीय करियर के दौरान, उन्होंने एक वित्तीय प्रकाशन मर्जर मार्केट्स के लिए एक कंटेंट एडिटर के रूप में 11 वर्ष तक काम किया, और न्यूज इंडिया-टाइम्स साप्ताहिक पत्रिका के लिए भी काम किया।
- ➢ भारत में कई प्रकाशनों में काम करने के बाद वह वर्ष 1992 में अमेरिका चले गए।

6. प्रसिद्ध शांति हीरानंद चावला का हाल ही में निधन हो गया, वह किस हेतु प्रसिद्ध थे __________ **हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका।**

नोट:

- ➢ शांति को बेगम अख्तर द्वारा ठुमरी, दादरा और गज़ल गायन में प्रशिक्षित किया गया था। शांति हीरानंद के निधन के साथ ही बेगम अख्तर युग का औपचारिक रूप से अंत हो गया।
- ➢ वह अपने प्रदर्शन में महान गजल गायक की शैली को जीवंत रखने के लिए विश्व-प्रसिद्ध थीं, जिसका उन्होंने लाहौर, इस्लामाबाद, टोरंटो, बोस्टन, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन सहित दुनिया भर में मंचन किया।

7. महान खिलाड़ी सर स्टर्लिंग मॉस का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे __________ **फार्मूला 1।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- मॉस को महान फॉर्मूला वन ड्राइवर माना जाता था जिन्होंने कभी भी विश्व चैम्पियनशिप नहीं जीती थी।
- ब्रिटिश ड्राइवर ने वर्ष 1951 से 1961 तक फॉर्मूला वन में भाग लिया और F1 विश्व चैंपियनशिप में 67 बार भाग लिया, जिसमें 16 रेस जीतीं और 16 पोल पोजीशन और 24 पोडियम पोजीशन हासिल कीं।

8. प्रसिद्ध खिलाड़ी पीटर बोनेटी का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे________**फुटबॉल।**

नोट:

- वह इंग्लैंड की 1966 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे लेकिन पूरे टूर्नामेंट में नहीं खेले थे। उन्हें वेस्ट जर्मनी द्वारा वर्ष 1970 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।
- उन्हें सेफ हैंडलिंग, बिजली जैसी चपलता और अपनी सुंदर शैली के कारण 'द कैट' का उपनाम दिया गया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. अंतर्राष्ट्रीय रोमानी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है _______**8 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस रोमानी लोगों के सामना आए मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोमानी संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय रोमानी दिवस की घोषणा आधिकारिक तौर पर वर्ष 1990 में पोलैंड के सेरॉक में अंतर्राष्ट्रीय रोमानी संघ (IRU) की चौथी विश्व रोमानी कांग्रेस में की गई थी।
- यह दिवस इंग्लैंड के चेल्सीफिल्ड में 7 से 12 अप्रैल, 1971 के बीच आयोजित रोमानी प्रतिनिधियों की पहली प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बैठक की स्मृति में भी मनाया जाता है।

2. विश्व होम्योपैथी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _______ **10 अप्रैल।**

नोट:

- इस वर्ष दवाओं की होम्योपैथी प्रणालियों के जनक जर्मन चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनेमैन की 265वीं जयंती है।
- उन्होंने होम्योपैथी के उपयोग के माध्यम से स्वस्थ करने का तरीका खोजा।
- 'होम्योपैथी' (Homeopathy) शब्द दो ग्रीक शब्दों के संयोजन से बना है, होम्यो (homeo) - अर्थ 'समान' और पैथोस (pathos) - जिसका अर्थ है दुख या बीमारी।
- इस वर्ष के दिवस का विषय '2020 is Enhancing the scope of Homeopathy in Public Health' है।

3. प्ले ट्रू डे हर वर्ष मनाया जाता है ________ **9 अप्रैल।**

नोट:

- वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) ने प्ले ट्रू डे 2020 मनाया।
- इस वर्ष का विषय 'Play Safe on Play True Day 2020' है ।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- WADA और डोपिंग रोधी समुदाय दुनिया भर में वर्ष 2014 से 'प्ले ट्रू डे' मना रहा है। WADA इस दिवस को एथलीटों, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय डोपिंग रोधी संगठनों, खेल संघों, प्रमुख कार्यक्रम आयोजकों और वैश्विक निष्पक्ष खेल समुदाय से अन्य डोपिंग रोधी हितधारकों के साथ मनाता है।

4. राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस (NSMD) प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**11 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में उचित स्वास्थ्य देखभाल और मातृत्व सुविधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- NSMD व्हाइट रिबन एलायंस इंडिया (WRAI) की एक पहल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर महिला तक गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के बाद की देखभाल की उपलब्धता और पर्याप्त पहुंच हो।

5. अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस दुनिया भर में प्रतिवर्ष मनाया जाता है______ **12 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस 12 अप्रैल 1961 को "वोस्तोक 1" में पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले मानव यूरी गगारिन के बारे में बताता है।
- यह दिवस मानव जाति द्वारा दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करने और राष्ट्रों, लोगों का कल्याण करने और शांतिपूर्ण उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष को अनुरक्षित रखने की महत्वाकांक्षा को पूरा करने हेतु अंतरिक्ष युग मनाने के लिए मनाया जाता है।
- पहले मानव निर्मित पृथ्वी उपग्रह स्पुतनिक I को 4 अक्टूबर 1957 को बाहय अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था जिसने अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक नया रास्ता खोल दिया।

6. राष्ट्रीय पालतू पशु दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _______ **11 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस उन पशुओं के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है जो वर्तमान में आश्रय स्थलों में रह रहे हैं और बचाए जा रहे हैं और उन्हें हमेशा के लिए एक घर की आवश्यकता है।
- राष्ट्रीय पालतू पशु दिवस की शुरुआत वर्ष 2006 में कोलीन पेज ने की थी, जो एक प्रसिद्ध पशु कल्याण अधिवक्ता और जीवन शैली विशेषज्ञ हैं।

नई नियुक्तियां

1. नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया_____ **यू.बी. प्रवीण राव।**

नोट:

- यू.बी. प्रवीण राव ने वर्ल्ड नेटवर्क सर्विस (WNS) ग्लोबल सर्विसेज के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) केशव मुरुगेश की जगह ली, जिन्होंने वर्ष 2019-20 के लिए NASSCOM के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। इससे पहले राव NASSCOM के उपाध्यक्ष थे।

2. एक वर्ष के लिए पेप्सीको के ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया ________**शेफाली वर्मा।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- एक प्रमुख ब्रांड पेप्सी के साथ शेफाली का यह पहला अनुबंध होगा। पेय पदार्थ कंपनी ने हाल ही में बॉलीवुड स्टार सलमान खान को 2 वर्ष के लिए अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना है।
- हरियाणा की शेफाली वर्मा भारतीय शीर्ष क्रम की एक विस्फोटक बल्लेबाज है, जिन्होंने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप खेला।

3. भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के नए प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया ______**पराग राजा।**

नोट:

- नियुक्ति भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से अपेक्षित अनुमोदन के अधीन होगी।
- पराग राजा विकास सेठ की जगह लेंगे।
- राजा ने आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस (ABSLI) में मुख्य वितरण अधिकारी के रूप में कार्य किया है।

4. इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया __________**अनामिका रॉय राष्ट्रवर।**

नोट:

- वह वारेंद्र सिन्हा की जगह लेंगी।
- वह निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की पहली महिला MD और CEO हैं।
- वह जून 2018 में एक पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कंपनी में शामिल हुईं और उन्होंने टियर -II, III, IV शहरों में परिचालन का विस्तार करके कंपनी की व्यवसाय परिवर्तन परियोजना का नेतृत्व किया।

5. एक वर्ष की अवधि के लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया ________ **राज विकास वर्मा।**

नोट:

- वर्मा को जनवरी 2018 में एयू बैंक में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल किया गया था। वह राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (MD) थे।
- वर्मा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (CAIIB) के प्रमाणित सहयोगी थे।

6. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया ________**संजय अग्रवाल।**

नोट:

- संजय अग्रवाल को प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्त किया गया।
- अग्रवाल वर्ष 1996 में संस्थान की स्थापना (तत्कालीन एयू फाइनेंसर्स इंडिया लिमिटेड) के बाद से इस संस्था (एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक) से जुड़े हुए हैं, इसके प्रवर्तक भी हैं।
- एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एक भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है जिसे एल.एन. फिनको जेम्स प्राइवेट लिमिटेड के रूप में निगमित एक फाइनेंस कंपनी एयू फाइनेंसर्स (इंडिया) लिमिटेड के रूप में स्थापित किया गया था।

7. कर्नाटक बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में किसे नियुक्त किया गया_______**महाबलेश्वर एम.एस.।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- निजी क्षेत्र के ऋणदाता कर्नाटक बैंक को महाबलेश्वर एम.एस. को प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में अगले 3 वर्षों की पुन: नियुक्ति के लिए RBI (भारतीय रिज़र्व बैंक) से स्वीकृति मिली। बैंक नियामक ने अंशकालिक (गैर-कार्यकारी) अध्यक्ष के रूप में पोलाजी जयराम भट की पुनर्नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है।

8. जेम्स बुलो लैंसिंग (JBL) के अभियान- 'Live it Real, Live it Raw' के ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ________ **सारा अली खान।**

नोट:

- वह संगीत, खेल और मनोरंजन उद्योग के JBL एंबेसडर और साझेदारों जिसमें अभिनेत्री और मानवतावादी प्रियंका चोपड़ा, संगीतकार ए.आर. रहमान, और भारत की ओलंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु शामिल हैं, में शामिल हुई।
- महिंद्रा ग्रुप के मेरा किसान, एक जैविक कृषि उत्पादक ने भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ साझेदारी की है, इस भाग के रूप में, वह इसकी इक्विटी के मालिक होंगे और इसके ब्रांड एंबेसडर होंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद के सभी सदस्यों के वेतन में कितने प्रतिशत की कटौती करने के लिए एक अध्यादेश को मंजूरी दी है ________ **30%।**

नोट:

- इसने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (MPLAD) योजना के दो वर्ष तक निलंबन (2020-21 और 2021-22) का भी प्रावधान किया ताकि बचत की धनराशि COVID-19 से लड़ने के लिए भारत की संचित निधि में जमा की जा सके।
- यह घोषणा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने की थी।

2. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने कितने किमी राजमार्ग के निर्माण के साथ सर्वाधिक राजमार्ग निर्माण की उपलब्धि हासिल की है________ **3,979 किमी।**

नोट:

- हालांकि, इसने वित्त वर्ष 2020 में 4,500 किलोमीटर राजमार्ग बनाने के लक्ष्य के सामने 88% राजमार्ग निर्माण पूरा कर लिया है। वित्त वर्ष 2018-19 में, NHAI ने 3,380 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया।
- सरकार ने वर्ष 2015 में भारतमाला परियोजना नामक एक राजमार्ग विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें लगभग 65,000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास शामिल है।
- कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत, सरकार ने पांच वर्ष की अवधि में 5.35 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन को मंजूरी दी है।

3. मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) द्वारा शुरू की गई मेगा ऑनलाइन नवाचार चुनौती का नाम_______**समाधान (SAMADHAN)।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के नवाचार प्रकोष्ठ ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ने के लिए "SAMADHAN" नामक एक मेगा ऑनलाइन चुनौती शुरू की है।
- "समाधन" चुनौती के तहत, विद्यार्थियों और संकायों को नए प्रयोगों और नई खोजों के लिए प्रेरित किया जाएगा और उन्हें प्रयोग एवं खोज की भावना के लिए एक मजबूत आधार प्रदान किया जाएगा।

4. अग्रिम पंक्ति के सभी कार्यकर्ताओं को महामारी का मुकाबला करने के लिए प्रशिक्षित करने और अपडेट करने के लिए भारत सरकार द्वारा कौन सा प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है______ **iGOT ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म।**

नोट:

- अन्य संभावित द्वितीय पंक्ति के कर्मचारियों को COVID 19 के लिए प्रशिक्षण देते हुए, भारत उभरती परिस्थितियों के लिए बेहतर रूप से तैयार होगा।
- निर्धारित समूह में डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स, स्वच्छता कर्मी, तकनीशियन, सहायक नर्स प्रसाविका (ANM), केंद्रीय और राज्य सरकार के अधिकारी, लोक सुरक्षा अधिकारी, विभिन्न पुलिस संगठन, नेशनल कैडेट कोर (NCC), नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS), राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (IRCS), भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (BSG) और अन्य स्वयंसेवक शामिल हैं।
- प्लेटफॉर्म प्रत्येक शिक्षार्थी को उसके कार्यस्थल या घर और उसकी पसंद के किसी भी उपकरण पर क्यूरेटेड, विशिष्ट भूमिका की सामग्री वितरित करता है।

5. विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने 12 सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री सहित 24 फार्मा सामग्री पर निर्यात प्रतिबंध हटा दिए हैं, यह किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है _____**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय।**

नोट:

- इस संबंध में, ITCHS (इंडियन ट्रेड क्लेरिफिकेशन ऑन हार्मोनाइज्ड सिस्टम) निर्यात नीति, 2018 की अनुसूची 2 और 30 के अध्याय 29 और 30 में संशोधन किया गया है, जो API और संरूपण से संबंधित है।
- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पेरासिटामोल और इसके सूत्रीकरण का निर्गामी शिपमेंट प्रतिबंधित है या इसके निर्यात के लिए सरकार से लाइसेंस की आवश्यकता है।

6. किस मंत्रालय ने स्वास्थ्य केंद्रों को 3 श्रेणियों - कोविड केयर सेंटर, डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर और डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में बांटा है________**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।**

नोट:

- इन सुविधाओं के तहत, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अस्पताल के बेडों की क्षमता का उपयोग केवल संक्रमण के मध्यम और गंभीर रोगियों के लिए किया जाए।
- संदिग्ध कोरोना मरीजों या हल्के या बहुत कम लक्षणों वाले रोगियों को कोविड केयर सेंटर में रखा जाएगा।
- कोरोना वायरस के मध्यम लक्षणों वाले रोगियों को डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर में भर्ती कराया जाएगा।
- कोरोना वायरस से संक्रमित गंभीर रोगियों को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाएगा।

7. पश्चिम मध्य रेलवे की कोच पुनर्वास कार्यशाला (CRWS) द्वारा बनाए गए मोबाइल डॉक्टर बूथ का नाम ______ **चरक (CHARAK)।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह डॉक्टर और कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमित रोगी के बीच शारीरिक संपर्क की संभावना को समाप्त करने के लिए है।
- रेलवे कंपार्टमेंट में ही एक वायरल बैरियर चैंबर बनाया गया है, जिसके माध्यम से डॉक्टर सीधे शारीरिक संपर्क के बिना मरीजों की जांच कर सकेंगे।
- PPE और मेडिकल स्टाफ की कमी के कारण यह प्रणाली इस समय बहुत मददगार साबित होगी।
- मोबाइल बूथ दूरदराज के गांवों में जा सकते हैं और 500 मीटर तक हाथों द्वारा भी ले जा सकते हैं।

8. हिंदुस्तान यूनिलीवर ने COVID-19 का मुकाबला करने में भारत की सहायता के लिए किस संगठन के साथ साझेदारी की है_______ **यूनिसेफ।**

नोट:

- हिंदुस्तान यूनिलीवर ने COVID-19 से मुकाबले में भारत की सहायता करने के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के साथ साझेदारी की है।
- साझेदारी का उद्देश्य COVID-19 महामारी के खिलाफ आम जनता को सूचित करने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक जन संचार अभियान शुरू करना है।
- #BreakTheChain या #VirusKiKadiTodo शीर्षक वाले जन संचार अभियान एचयूएल की विपणन विशेषज्ञता और पैमाने के साथ यूनिसेफ के तकनीकी ज्ञान को संयुक्त करेंगे।

9. भारत सरकार ने COVID-19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज के लिए कितनी धनराशि को मंजूरी दी है________**5000 करोड़ रुपये।**

नोट:

- पैकेज मार्च 2024 तक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा।
- 15,000 करोड़ रुपये में से केंद्र जून 2020 तक तत्काल COVID-19 आपातकालीन प्रतिक्रिया उपयोग के लिए 7,774 करोड़ रुपये जारी करेगा और शेष धनराशि 1-4 वर्षों की मध्यम अवधि में सहायता के लिए निर्धारित की जाएगी।

10. जनजातीय संग्रहकर्ताओं की कार्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए TRIFED ने WHO और किसके साथ एक डिजिटल अभियान शुरू किया है _______**UNICEF।**

नोट:

- यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए है कि जनजातीय संग्रहकर्ता माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (एमएफपी) / नॉन टिम्बर फॉरेस्ट प्रोडक्शन (एनटीएफपी) के संग्रह और कटाई के दौरान अपने काम को सुरक्षित रूप से कर सकें।
- यह सहयोग स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए एक डिजिटल अभियान को बढ़ावा देगा, जो सोशल डिस्टेंसिंग के महत्व को उजागर करेगा।
- यह जनजातीय समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करेगा और कोविड -19 के दौरान NTFP से संबंधित करने योग्य और न करने योग्य परामर्श भी प्रदान करेगा।

11. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने टेलीकॉम विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) के अध्यक्ष के कार्यकाल को बढ़ाया है, इसके अध्यक्ष हैं _______**न्यायमूर्ति शिव कीर्ति सिंह।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह फैसला न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, संजय किशन कौल और दीपक गुप्ता की बेंच ने मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े की अध्यक्षता में लिया।
- पीठ ने TDSAT के प्रशासनिक और तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति में देरी पर भी चिंता व्यक्त की और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से केंद्र की ओर से जवाब देने को कहा।

12. भारत के ऑनलाइन शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कौन सा अभियान शुरू किया है __________ **'भारत पढ़े ऑनलाइन'।**

नोट:

- अभियान का उद्देश्य भारत में सभी मेधावियों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ सीधे सुझाव या समाधान साझा करने के लिए आमंत्रित करना है, ताकि उपलब्ध डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन शिक्षा की बाधाओं को दूर किया जा सके।
- देश भर के शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का भी योगदान दे सकते हैं, जहां वर्तमान ऑनलाइन शिक्षा परिदृश्य की सीमा, पारंपरिक कक्षाओं में उनके सामने आने वाली चुनौतियां जिन्हें ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से दूर किया जा सकता है और एक पूर्ण ऑनलाइन शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की संरचना के बारे में बातचीत शुरू की जा सकती है।

13. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने कोरोना वायरस के परीक्षण के लिए दवा प्रतिरोधी टीबी (तपेदिक) का परीक्षण करने में उपयोग की जाने वाली नैदानिक मशीन के उपयोग की अनुमति दी है, इसका नाम है ________**'TruenatTM'।**

नोट:

- वर्तमान में, भारत अमेरिका द्वारा अनुशंसित और एफडीए (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) द्वारा अनुमोदित रियल टाइम-पॉलिमेरेज चेन रिएक्शन परीक्षण का उपयोग कर रहा है।
- जांच के दौरान, नमूने नाक और गले से लिए जाएंगे और किट के साथ प्रदान किए गए वायरल ट्रांसपोर्ट माध्यम (वीटीएम) में भेजे जाएंगे।
- इससे पहले ICMR ने भी Truelab वर्कस्टेशन पर Truenat बीटा CoV परीक्षण के उपयोग की सिफारिश की है, जिसका उपयोग दवा प्रतिरोधी टीबी का पता लगाने के लिए किया जाता है।

14. सैनिटाइजिंग टनल स्थापित करने वाला भारतीय रेलवे का पहला स्टेशन ________**अहमदाबाद।**

नोट:

- कोविड-19 के मद्देनजर कर्मचारियों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम रेलवे के गुजरात के कालूपुर में अहमदाबाद रेलवे स्टेशन, भारतीय रेलवे (IR) का पहला ऐसा स्टेशन बन गया, जहां वॉक थ्रू मास सेनेटाइजिंग टनल स्थापित की गई है।
- टनल का उद्घाटन अहमदाबाद डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) दीपक झा ने किया था।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, देश में पर्यावरण से संबंधित सर्वाधिक अपराध कौन सा राज्य करता है______**राजस्थान।**

   नोट:

   - 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट के अनुसार, 2014-16 के दौरान देश में पर्यावरण से संबंधित अपराधों का 40.59% राजस्थान में हुआ था।
   - प्रमुख अपराध वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 का उल्लंघन थे, जिसके परिणामस्वरूप सरकार की मंजूरी के बिना गैर-वन उद्देश्यों के लिए वन भूमि का उपयोग किया गया और जंगली जानवरों को पकड़ा गया, जहर दिया गया, जाल में फंसाया गया।

2. कोविड -19 लॉकडाउन का 30 अप्रैल तक विस्तार करने वाला पहला राज्य______**ओडिशा।**

   नोट:

   - 14 अप्रैल को समाप्त होने वाले राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बारे में अप्रमाणित अटकलबाजी के बीच, ओडिशा जारी लॉकडाउन का विस्तार करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है।
   - एक बयान में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी सरकार ने 30 अप्रैल तक ओडिशा में लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने का फैसला किया है।

3. प्लाज्मा थेरेपी का नैदानिक परीक्षण उपचार शुरू करने वाला पहला राज्य _______**केरल।**

   नोट:

   - भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (SCTIMST), तिरुवनंतपुरम, केरल को इसकी मंजूरी दे दी है।
   - यह एक परीक्षण के आधार पर गंभीर रूप से बीमार COVID- 19 मरीजों का इलाज करने के लिए, ठीक हो चुके रोगियों के रक्त से एंटीबॉडी का उपयोग करने वाली प्लाज्मा थेरेपी है।
   - इसलिए, केरल प्लाज्मा थेरेपी नैदानिक परीक्षण उपचार शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

4. राज्य में COVID-19 के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए किस राज्य ने 5T योजना- टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट, टीमवर्क और ट्रैकिंग एंड मॉनीटरिंग की घोषणा की है_______**दिल्ली।**

   नोट:

   - टेस्टिंग- केवल लगातार टेस्टिंग से संक्रमित व्यक्ति का पता लगाया जा सकता है और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अधिक से अधिक टेस्टिंग महत्वपूर्ण है।
   - ट्रेसिंग- एक संक्रमित रोगी से जुड़े व्यक्तियों की पहचान की जाती है और सेल्फ-क्वारंटाइन के लिए कहा जाता है।
   - ट्रीटमेंट- यदि कोई COVID-19 से संक्रमित है, तो उन्हें उपचार प्रदान किया जाएगा।
   - टीमवर्क- टीमवर्क के माध्यम से वायरस का मुकाबला किया जा सकता है और उसे हराया जा सकता है।
   - ट्रैकिंग एंड मॉनीटरिंग- सक्रिय ट्रैकिंग एंड मॉनीटरिंग वायरस के प्रसार से निपटने के लिए कार्यवाही करने में मदद करेगी।

5. किस राज्य सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए राज्य के चिन्हित नियंत्रण क्षेत्रों में "ऑपरेशन SHIELD" शुरू किया है______**दिल्ली।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह सीलिंग, होम क्वारंटाइन, आइसोलेशन एंड ट्रैकिंग, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, स्थानीय स्वच्छता और घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच से संबंधित है।
- S- भौगोलिक चिह्नांकन के बाद तत्काल क्षेत्र / आसपास की **सीलिंग**।
- H - क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का **होम क्वारंटाइन**।
- I - पहले और दूसरे संपर्क वाले लोगों का आइसोलेशन और ट्रेसिंग।
- E - वस्तुओं की आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।
- L - अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का लोकल सेनिटाइजेशन।
- D -क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का डोर-टू-डोर स्वास्थ्य परीक्षण।

6. किस राज्य सरकार ने 'हेल्प एंड हंगर टुडे' विषय पर आधारित एक नई पहल "फूड बैंक" शुरू की है_______ **मणिपुर।**

नोट:

- फूड बैंक इम्फाल ईस्ट जिले के दवा पुनर्वास केंद्रों और एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो वायरस) से प्रभावित लोगों को खाद्य सामग्री (जैसे चावल, आंटा, मैदा, दाल, खाद्य तेल, नमक, आलू, प्याज, दूध, बिस्कुट, पीने का पानी), हैंड सेनेटाइजर और में मास्क मुहैया कराएगा।

7. किस राज्य सरकार ने "COVIDCARE" नामक एक ऐप लॉन्च किया है______**अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- नया तैयार किया गया "COVIDCARE" ऐप COVID-19 का मुकाबला करने के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार का एक प्रयास है। "COVIDCARE" ऐप उन लोगों के लिए लॉन्च किया गया है, जो क्वारंटाइन, अलक्षणी (asymptomatic) या COVID-19 रोगी हैं, ताकि उन्हें ऐप के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. सहायता एजेंसी USAID ने कोरोना वायरस से लड़ाई में भारत की सहायता के लिए कितनी धनराशि की घोषणा की है______**2.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

- घोषित निधि भारत को COVID-19 के खिलाफ अपनी लड़ाई में सहायता प्रदान करेगी और इससे प्रभावित होने वाले लोगों की देखभाल करने और स्थानीय समुदायों को देश में फैल रही महामारी को रोकने के लिए उपकरण प्रदान करने में मदद करेगी।
- रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC), और अन्य संबंधित एजेंसियां, भारत के साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि महामारी के खिलाफ लड़ाई में देश की सहायता की जा सके।
- यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) विश्व स्तर पर अग्रणी सहायता एजेंसियों में से एक है।

2. SAARC विकास कोष द्वारा COVID-19 परियोजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है ________**5 मिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) विकास कोष (SDF) ने 8 सदस्य देशों में COVID-19 परियोजनाओं के लिए वित्तीय घाटे और महामारी के गंभीर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव को कम करने के प्रयास में 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 38 करोड़ रुपये) आवंटित किए हैं।

3. कौन सा देश WIPO की पेटेंट कोऑपरेशन ट्रीटी (PCT) के माध्यम से इंटरनेशनल पेटेंट फाइलिंग में विश्व का अग्रणी देश बन गया है_________ **चीन।**

नोट:

- चीन ने संयुक्त राज्य अमेरिका (जो वर्ष 1978 में पीसीटी शुरू होने के बाद से शीर्ष स्थान पर था) को पार करते हुए कुल 58,990 आवेदन भरे हैं।
- यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि लगातार तीसरे वर्ष, चीनी टेलीकॉम कंपनी हुआवे वर्ष 2019 में 4,411 पीसीटी एप्लीकेशन के साथ वैश्विक रैंकिंग में सबसे ऊपर है।
- इसके बाद जापान की मित्सुबिशी, जिसेने 2,661 फाइलिंग की, दक्षिण कोरिया की सैमसंग जिसने 2,334 फाइलिंग की और अमेरिका की क्वालकॉम (2,127 फाइलिंग) हैं।

4. किस संगठन ने कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसायटी (CUTS) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_________ **UNIDO।**

नोट:

- 5 वर्षों के लिए मान्य समझौता ज्ञापन का उद्देश्य 2030 सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए जारी गतिविधियों का समर्थन करने हेतु एक संयुक्त तकनीकी सहयोग पहल बनाना है।
- समझौता ज्ञापन के अनुसार, CUTS ई-कॉमर्स को डिजिटल अर्थव्यवस्था में सदस्य राष्ट्रों के पारगमन को तेज करने और चौथी औद्योगिक क्रांति के अनुकूल बनाने के लिए एक मंच के रूप में सहायता करेगा।
- दोनों एजेंसियों ने एक ब्रिक्स ई-कॉमर्स परियोजना को लागू करने का भी फैसला किया है जो वर्ष 2016 से 2018 तक ब्रिक्स राष्ट्रों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) में लागू UNIDO की प्रायौगिक ई-कॉमर्स परियोजना की सफलता पर आधारित होगी।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. विजडन द्वारा किसे वर्ष 2020 में दुनिया के अग्रणी क्रिकेटर के रूप में नामित किया गया_______**बेन स्टोक्स।**

नोट:

- इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स को विजडन द्वारा वर्ष 2020 में दुनिया के शीर्ष क्रिकेटर के रूप में नामित किया गया है।
- एंड्रयू फ्लिंटॉफ वर्ष 2005 में पुरस्कार जीतने वाले इंग्लैंड के अंतिम खिलाड़ी थे। बेन स्टोक्स क्रिकेट विश्व कप 2019 के फाइनल के नायक थे क्योंकि उन्होंने 14 जुलाई को लॉर्ड्स में 50 ओवरों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड को अपनी पहली जीत में मार्गदर्शित किया था।

2. किस महिला क्रिकेटर को विजडन द्वारा वर्ष 2020 की अग्रणी महिला क्रिकेटर नामित किया गया है_______**एलिस पेरी।**

नोट:

- ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी को विश्व में विजडन की अग्रणी महिला क्रिकेटर नामित किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- पेरी ने सर्वाधिक रन बनाए और सर्वाधिक विकेट लिए, उनके प्रदर्शन की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने पिछले वर्ष इंग्लैंड के खिलाफ अपने महिला एशेज खिताब को सफलतापूर्वक बरकरार रखा।

खेल समाचार

1. नवीनतम FIFA रैंकिंग में भारत की रैंक क्या है________**108वीं।**

नोट:

- 9 अप्रैल, 2020 को जारी फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग 2020 के अनुसार, भारतीय फुटबॉल टीम ने 1187 अंकों के साथ अपना 108वां स्थान बरकरार रखा।
- जबकि बेल्जियम पहले स्थान पर और विश्व चैंपियन फ्रांस दूसरे स्थान पर हैं और ब्राजील तीसरे स्थान पर रहा।

2. नवंबर 2020 में कौन सा देश एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2020 की मेजबानी करेगा________ **भारत।**

नोट:

- भारत नवंबर-दिसंबर में महिला और पुरुष एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2020 की मेजबानी करेगा क्योंकि उसने विश्वास जताया कि तब तक कोरोना वायरस (कोविड -19) महामारी पूरी तरह से नियंत्रण में आ चुका होगी।
- हालांकि, मेजबान शहर का चयन हालात सामान्य होने के बाद BFI द्वारा किया जाएगा।
- भारत ने पिछली बार वर्ष 1980 में मुंबई, महाराष्ट्र में पुरुषों की एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जबकि महिला चैंपियनशिप की मेजबानी वर्ष 2003 में हिसार, हरियाणा में की गई थी।
- यह प्रतियोगिता आमतौर पर दो वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है लेकिन बीते समय में यह क्रमागत वर्षों में भी आयोजित की गई है।

--------------0--------------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co